# University in News on 07 June 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि से संबद्धता के लिए अब 10 जून तक आवेदन कर सकते हैं महाविद्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने नवीन महाविद्यालयों को संबद्धता और कोर्सों को मान्यता देने की तारीख बढ़ा दी है। अब कॉलेज इसके लिए 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं इस संबंध में अपील निस्तारण की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। शासन के पत्र के क्रम में कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को पत्र जारी करते हुए इस संबंध में सूचना दी। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय, विवि की वेवसाइट अथवा कुलसचिव कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। संवाद

## i-NEXT PAGE 5

### कॉलेजों को संबद्धता 15 जुलाई तक

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने संशोधित समय सारणी जारी की**



**LUCKNOW (6 June):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने फिर नए सत्र 2024–25 के लिए एनओसी एवं संबद्धता देने की संशोधित समय सारणी गुरुवार को जारी कर दी. नए एवं पहले से संचालित कालेजों में बीएड को छोड़कर अन्य नए कोर्सों व विषयों के लिए भूमि संबंधी अभिलेखों का सत्यापन राजस्व विभाग से 10 जून तक कराना होगा. विश्वविद्यालय 15 जून तक अनापत्ति आदेश आनलाइन जारी कर 15 जुलाई तक संबद्धता देगा.

**पहले 5 जून थी डेट**

अभी तक 20 मई तक अनापत्ति आदेश (एनओसी) और पांच जून तक संबद्धता दिए जाने की अंतिम तिथि तय की गई थी. अब फिर से संशोधित तिथि जारी की गई है. कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि एनओसी जारी होने के बाद कालेजों को निरीक्षण मंडल के गठन के लिए 20 जून तक आवेदन करना होगा. निरीक्षण मंडल को 25 जून तक निरीक्षण मंडल का गठन होगा. आठ जुलाई तक निरीक्षण मंडल अपनी रिपोर्ट देंगे. 15 जुलाई तक आनलाइन संबद्धता दी जाएगी.